प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

पीएम–रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकारी नौकरियाँ नागरिकों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 19वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने अपने कर्मयोगियों पर भरोसा जताया और कहा कि अब यह उनकी ज़िम्मेदारी है कि वे अपनी लगन, आचरण और रोज़मर्रा के कामों से उस भरोसे का मान रखें और उसे और मज़बूत करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व के कई देशों के साथ साझेदारी भी कर रहा है, जिसका मकसद देश के युवाओं को अवसर, रोज़गार और वैश्विक अनुभव दिलाना है। आज 19वें रोजगार मेले में सरकार के अलग–अलग विभागों और संगठनों में चयनित 51 हज़ार से भी ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए। यह रोजगार मेला पूरे देश में 47 अलग–अलग जगहों पर आयोजित किया गया था। पूरे देश से चुने गए ये नए कर्मचारी, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, और उच्च शिक्षा विभाग जैसे कई अलग–अलग मंत्रालयों और विभागों में अपनी सेवाएँ देंगे।

....

पंचायत चुनाव

प्रदेश में तीन चरणों में 26, 28 व 30 को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर चुनाव प्रचार पूरे जोरों पर है। 26 मई को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए सक्रिय चुनाव प्रचार 24 मई को समाप्त हो जाएगा। प्रदेश में 28 व 30 मई को दूसरे व तीसरे चरण के पंचायतीराज चुनाव होंगे। इस बीच राज्य चुनाव आयोग ने पंचायतीराज चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन तीनों चरणों में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पूरे प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं।

....

पुलिस मैराथन

प्रदेश पुलिस चिट्टे के खिलाफ 5 जून को शिमला में एंटी चिट्टा व स्वच्छ पर्यावरण जागरूकता मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन करेगी। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने शिमला में कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और आमजन को नशे के विरूद्ध एकजुट करना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण, फिटनेस व सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। 5 जून को ही विश्व पर्यावरण दिवस भी है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश पुलिस ने एंटी चिट्टा अभियान के तहत नशा उन्मूलन और स्वस्थ समाज निर्माण के संदेश को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस चिट्टा के खिलाफ अभियान तेज करेगी। अशोक तिवारी ने कहा कि ये अभियान

प्रत्येक प्रतिभागी को नशे और पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता का दूत बनाने का प्रयास करेगा।

....

कर्मचारी

राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों में समय पर वेतन न मिलने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में आज निगम के कर्मचारियों ने गेट मिटिंग कर सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर चालक–परिचालक यूनियन के उपाध्यक्ष धमेंद्र शर्मा ने कहा कि अगर एक जून तक निगम के कर्मचारियों के बैंक खातों में वेतन नहीं आया तो कर्मचारी हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगे। वर्कशॉप कर्मचारियों ने भी वेतन न मिलने पर टूल डाउन की चेतावनी दी है।

....

मौसम

प्रदेशवासियों को एक बार फिर जोरदार गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने 26 व 27 मई को राज्य के 6 ज़िलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर के अलग–अलग स्थानों पर हीट–वेव चलने का येलो अर्लट जारी किया है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों के अनुसार 25 मई तक राज्य के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलती रहेगी। विभाग ने इस दौरान प्रदेश के मध्यम व ऊंचाई वाले अलग–अलग स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना जताई है। इस बीच बीते रोज राज्य के अधिकांश स्थानों पर हुई वर्षा और अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर बर्फबारी से प्रदेशवासियों को चिलचिलाती गर्मी से हल्की राहत मिली है।

....